## खबर संक्षेप

### सौंसर में जल्द बनेगा खाटू श्याम का मंदिर

**सौंसर।** नगर के सरस्वती मंगल भवन में श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति की बैठक संपन्न हुई,बैठक में सर्व सहमति से सौसर में श्री खाटू श्याम का मंदिर निर्माण करने के लिए निर्णय लिया गया।श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिएडॉ एकनाथ देवपुजारी के सुपुत्र किशोर देवपुजारी परिवार द्वारा मंदिर निर्माण हेतु 2500 वर्गफीट भूमि का दान की गई है।इसी क्रम मे व्यवसायी पुरुषोत्तम फसाटे ने मंदिर निर्माण के लिए इक्कीस लाख रुपए देने की घोषणा की है। निर्माण प्रक्रिया शीघ्र ही शुभ मुहूर्त में आरंभ की जाएगी। समिति ने किशोर देवपुजारी परिवार तथा पुरुषोत्तम फसाटे परिवार का आभार व्यक्त किया,समिति सदस्य लाला पवार हर्षल फसाटे ने जानकारी देते हुए बताया की 1 दिसंबर को मोहगांव रोड स्थित डॉ. देवपुजारी एन्क्लेव में श्री खाटू श्याम नाम कीर्तन ओर श्री शिवराय संगठन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### हनुमान लोक में हुआ न्यायाधीश डीजीपी का स्वागत व सत्कार



**सौंसर।** चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में रविवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस विशाल धगत एवं महाराष्ट्र की डीजीपी श्रीमती रश्मि शुक्ला ने पहुचकर त्रिमूर्ति के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से दोनों अतिथियों का त्रिमूर्ति की प्रतिमूर्ति भेंट कर स्वागत सत्कार किया,इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौसर विवेक सिंह,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री सौम्या सिंह, अनिरुद्ध उचाडिया,सचिन जैन सुश्री संयोगिता खत्री सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।महाराष्ट्र की पुलिस महासंचालक श्रीमती रश्मि शुक्ला ने भी जामसांवली धाम पहुँचकर श्री मूर्ति के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## देहात पुलिस ने की कार्यवाही, नशे कारोबारियों में मचा हड़कंप

# दो युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा





देहात थाना पुलिस ने दो युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। मुखबिर द्वारा सूचना के बाद एसपी के निर्देशन में देहात पुलिस ने टीम गठित कर 22 नवंबर को आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आरक्षक 414 बृजेश पाल के साथ आरोपियों की पतासाजी करने रवाना हो गए।

गांगीवाडा रिंग रोड पर जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि रोहना बायपास के पास दो व्यक्ति एक ग्रे कलर की बिना नंबर की एक्टीवा स्कूटी में खड़े है, वह दोनो अपने पास में अवैध मादक पदार्थ एम. डी. ड्रग्स पाउडर किसी ग्राहक को बैचने के लिये रास्ता देख रहे है।

जो तत्काल थाना प्रभारी देहात निरी. गोविंद सिंह राजपूत द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ से दविश दिलवाकर दोनों आरोपी गण को अभिरक्षा में लेकर अतिक अहमद के पास मिले मादक पदार्थ एमडी पाउडर कुल बजनी ट्रांसपेरेंट पन्नी सहित 6 ग्राम 57 मिली. ग्राम एंव आदिल शेख के पास मिले मादक पदार्थ एमडी पाउडर कुल बजनी ट्रांसपेरेंट पन्नी सहित 7 ग्राम 05 मिली ग्राम जप्तशुदा मशरूका मादक पदार्थ एमडी, पाउडर कुल वजनी 13 ग्राम 62 मिलीग्राम होंडा कम्पनी की एक्टिवा स्कूटी, तीन नग मोबाईल क्रमशः रेडमी-9, सेमसंग एफ-41 मोबाईल, वीवो एफ-1-एस जप्त की गई।

आरोपिया द्वारा पूछताछ पर नागपुर से MD ड्रग्स पाउडर लाकर सिंगोडी के नौसाद शेख के साथ मिलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मादक पदार्थ को बेचना बताए हैं। प्रकरण में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। देहात पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमाकः 550/2025 धारा 8/22, 29 NDPS ACT का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद शेख निवासी सिंगोडी एवं नागपुर का व्यापारी जिसने उक्त माल बेचने के लिए दया था, फरार हैं। जिसकी तलाश हेतु थाना देहात पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित स्थानों पर दबिश देकर तलाश कर रही है।

### इनकी रही अहम भूमिका

निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि, संदीप सिंह राजपूत, आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य, आर. 485 अंकित शर्मा की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीम को पुरस्कृत की जाने की घोषणा की गई है।

### गिरफ्तार आरोपी

(1) आतिक अहमद पिता जमील अहमद उम्र 19 साल निवासी गिट्टीखदान शीलानगर थाना गिट्टीखदान जिला नागपुर (2) आदिल शेख पिता शेख सकील उम्र 21 साल निवासी गिट्टीखदान शीलानगर थाना गिट्टीखदान जिला नागपुर ।

### फरार आरोपी

(1) नौसाद शेख निवासी सिंगोडी जिला छिन्दवाडा, (2) नागपुर का व्यापारी

### जप्तशुदा मशरूका

(1) मादक पदार्थ एमडी. पाउडर कुल वजनी 13 ग्राम 62 मिलीग्राम कुल कीमति करीबन 40,860 रूपये (2) होंडा कम्पनी की एक्टिवा स्कूटी कीमति करीबन 1,20,000 रूपये की (3) तीन नग मोबाईल क्रमशः रेडमी-9 कीमति करीबन 14,000 रूपये, सेमसंग एफ-41 मोबाईल कीमति करीबन 16,000 रूपये, वीवो एफ-1-एस कीमति करीबन 18,000 रूपये कुल जुमला रकम 2,08,860 रूपये।

## लोगों ने 112 पर शिकायत कर पुलिस को बुलाया

# प्रार्थना सभा में गई पत्नी , पति ने लगाया धर्मान्तरण का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया के ई डी सी में स्तिथ चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान हल्का विवाद देखने को मिला । विवाद बिजोरी के आदिवासी व्यक्ति और और चर्च के पादरी के बीच हुआ । उक्त व्यक्ति की पत्नी प्रार्थना सभा में गई थी । व्यक्ति ने चर्च के पादरी पर धर्मान्तरण करने का आरोप लगाया है ।तामिया के बिजोरी में रहने वाले राहुल उइके ने बताया कि उसकी पत्नी कोरोना काल के बाद से उसकी एक अन्य सहेली के साथ अक्सर ईसाईयों की प्रार्थना सभा में शामिल होती रही है । उसके द्वारा इस बात पर कई बार एतराज जताया गया । उसके बाद उसकी पत्नी ने प्रार्थना सभाओं या ईसाईयों के विभिन्न कार्यक्रमों में जाना कम कर दिया । रविवार 23 नवंबर को वह बिना बताये अपनी परिचित महिला के साथ परासिया चर्च आई , उसका पति भी पीछे आया और चर्च में जाकर देखा तो प्रार्थना चल रही थी , उसकी पत्नी भी वहां थी । राहुल उइके ने इस मामले में पादरी से बात की । उसने कहा कि भोले - भाले आदिवासियों को बहला - फुसला कर उनका धर्म परिवर्तन क्यों कराया जा रहा है । इसी बात पर हल्का विवाद भी हुआ , और युवक मामले की शिकायत करने थाने पहुंचा । यदि वह दुबारा ऐसा कुछ देखें तो तत्काल 112 पर शिकायत कर पुलिस को बुलाये ।

# स्वास्थ्य शिविरों से मिल रहा है जनता को लाभः मोहोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



ग्राम साईखेड़ा में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ,स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप सांसद बंटी साहू, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड, सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन हरीश बत्रा, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे,आदि थे। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया, आयोजन को संबोधित करते हुए सांसद बंटी साहू ने कहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना जैसी जनकल्याणकारी पहल कर देश के करोड़ों लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं। उसकी संपूर्ण देश लाभ ले रहा है उसी तर्ज पर संपूर्ण छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में ग्रामीण जनों को आसानी से स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध हो सके इसको लेकर निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा संपूर्ण छिंदवाड़ा जिले के ग्रामों में संपन्न हो रहे स्वास्थ्य शिविर में लोगों को निशुल्क इलाज की सुविधा के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी मिल रहा है।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



सातनुर के एक स्कूल में संपन्न हुए वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक बेहतरीन रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन स्वागत गीत के साथ किया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम में केजी से लेकर दसवीं तक के लगभग 660 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक भंसाली कंपनी दिलीप शेन्द्रे,विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी थे।आयोजन के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा पिछले वर्ष दसवीं के उच्चतम अंक प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में छोटे बच्चों के लिए बनवाए गए चिल्ड्रन'स पार्क का उद्घाटन एस. डी. ओ. पी.सौसर सुश्री प्रियंका पांडे मुख्य अतिथि दिलीप शेन्द्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य जहीर अहमद पटेल ने शिक्षा के साथ संस्था में वर्षभर संचालित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहां की आप सबके सहयोग से संस्था में बच्चों का शिक्षा के साथ अन्य विषयो में सर्वांगीण विकास हो इसलिए कार्य किया जा रहा है।सफल आयोजन के लिए टीचर स्टाफ छात्र-छात्राओं एवं पालकगनों का आभार व्यक्त किया।

# गांवों को विकसित बनाने में सचिवों की अहम भूमिका

**मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के दिपावली मिलन सामारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प हैं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यह तभी सम्भव है जब हमारे गांवों का विकास हो, गांवों के विकास मे सरकारी योजनाओं का सही कियान्वयन महत्वपूर्ण है। यह बिना सचिवों के सम्भव नहीं है, गांवों मे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सचिवों कार्य पर निर्भर करती है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने पूजा शिवी लॉन में आयोजित मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के दिपावली मिलन समारोह के दौरान कही। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की डॉ. मोहन यादव सरकार ग्रामीणों और गांवों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। जब से भाजपा सरकार बनी हैं गांवो का चहुमुखी विकास हो रहा है। सरकार द्वारा सचिवों की मांग पर भी लगातार विचार किया जा रहा है। समय समय पर सचिवों की सभी मागें पूरी की जावेगी। उन्होने कहा कि आप लोगो पर सरकार की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन जिम्मेदारी है, आप इसे ईमानदारी से निभाए। मैं आप लोगो के साथ हर दम खडा हूँ। मेरी जहाँ भी जरूरत पडे आप मुझसे सम्पर्क कर सकते है।

सांसद श्री साहू ने सचिवों से अपील की हैं कि हमें छिन्दवाडा एवं पांढूर्णा जिले को आदर्श जिला बनाना हैं, हमें इस तरह कार्य करना है कि केन्द्र और राज्य सरकार छिन्दवाडा और पांढूर्णा जिले को मोडल के रूप में उपयोग करे। उन्होंने सचिवों से यह भी अपील की है कि वे गांवों के विकास को लेकर योजनाएं बनाकर उन्हें उपलब्ध कराए उसे स्वीकृत कराने की जिम्मेदारी मेरी है। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मर्निभर भारत के सपने को सकार करना है। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में पूर्व विधायक जुन्नारदेव नथन शाह कवरेती,चौरई से लखन वर्मा, परासिया से श्रीमती ज्योति डेहरिया, चौरई से बंटी पटेल, शैलेंद्र रघुवंशी, छिन्दवाड़ा से संतोष पटेल, राजु नरोटे आदि मौजूद रहे।

### करणी सेना परिवार की वाहन रैली 25 को

**छिन्दवाड़ाः-** करणी सेना परिवार के छिन्दवाड़ा जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने बताया किपूरे मध्यप्रदेश में सामाजिक मुद्दों किसानों ,छात्रों ,समाज के हर वर्ग की मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में जनक्रांति न्याय यात्रा कर रहे करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर दिनांक 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार को छिन्दवाड़ा जिले में पहुंचेगे। जो कि छिन्दवाड़ा करणी सेना परिवार छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जायेगा ,छिन्दवाड़ा जिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समसवाड़ा चैरई सुबह 11 बजे पहुंचेगे ,चैरई स्वागत एवं संबोधन के पश्चात छिन्दवाड़ा दोपहर 1 बजे कुंडीपुरा क्षेत्र से वाहन रैली के रूप में बस स्टैण, ई.एल.सी.,चंदनगांव ,कलेक्ट्रेड ऑफिस के सामने से होते हुये परासिया रोड़ ,व्ही.आई.पी.रोड़ ,खजरी चैक,बस स्टैण्ड होते हुये महाराणाप्रताप चैक पहुंचकर ,जनसभा को संबोधित करेंगे तत्पश्चात परासिया ,जुन्नारदेव ,दमुआ में स्वागत किया जाएगा।

## साईखेड़ा में आयोजित 68 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 521 मरीजों का इलाज

# नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे शिविर : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा और 100 दिवसीय स्वास्थ्य और संकल्प जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर हर वर्गों तक सहायता पहुंचाने और जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। यही संदेश लेकर लोधीखेड़ा के ग्राम साईखेड़ा में आयोजित 68 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने यह बात कही।

इस दौरान उन्होंने लोगों को 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला के तहत आयोजित इस शिविर में आए मरीजों से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। उपस्थित जनसमुदाय को मोदी सरकार और डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा की जा रही सेवा, सहयोग एवं समर्पण रूपी कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सेवा, सुशासन और जनकल्याण का मार्ग दिखाया है। सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य अंतिम पंक्ति तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना है। पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा संगठन सदैव जनसेवा को सर्वोपरि रखता है और साईखेड़ा का यह स्वास्थ्य शिविर सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा जनता के हित में एक उत्कृष्ट प्रयास है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल हेल्थ मिशन और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूती मिली है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने की अपील की। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने भी संबोधित किया।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेघकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काव्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति बीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

### अधिकारियों की लापरवाही स्वास्थ्य व कानून दोनों पर भारी

# तेज़ आवाज़ में डीजे बजाने से बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शादी समारोह और बारातों में तेज़ आवाज़ वाले डीजे सिस्टम की बढ़ती धुन अब लोगों के स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था दोनों पर भारी पड़ने लगी है। विशेषज्ञों का कहना है कि निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि स्तर सीधे तौर पर कान, दिल और दिमाग पर दुष्प्रभाव छोड़ता है। बीते लगभग एक माह से शहर में शादी समारोह और बारात में डीजे साउंड सिस्टम का धडल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। शासन से शादी और बारात में साधारण स्पीकर बजाने की विधिवत मंजूरी लेकर इसकी आड में तेज शोर वाले डीजे के प्रयोग से शहर के नागरिक और प्रमुख सडकों के दुकानदार बेहद दुखी हो गए है।



#### स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव

चिकित्सकों के अनुसार, 85 डेसीबल से अधिक ध्वनि लगातार सुनना कानों की संवेदनशील कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाता है। तेज़ डीजे के संपर्क में आने से सिर दर्द, चिड़चिड़ापन, नींद की कमी और रक्तचाप बढ़ने की शिकायतें आम होती जा रही हैं। बच्चों व बुजुर्गों पर इसका असर और भी गंभीर हो सकता है। यह सर्वविदित है कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कई आयोजनों में नियमों की अनदेखी कर तेज़ आवाज़ में सिस्टम बजाया जाता है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। शिकायत मिलने पर पुलिस कार्रवाई करने के लिए बाध्य है। इसके अलावा शहर की मुख्य सडकों पर बीते दिनों से जो बारात निकाली जा रही है उसमें भी चलित डी.जे. सिस्टम को काफी तेज शोर में बजाया जाकर उस पर बारातियों द्वारा नृत्य किया जाता है।

#### पुलिस थाने के सामने बजता है डीजे

शहर में जयस्तंभ चौक से शंकर नगर चौक, बस स्टैंड स्टेशन रोड गुजरी बाजार और कुछ अन्य सडकों पर डीजे के तेज आवाज में बारात निकलने के कारण सडक के दोनों किनारों पर स्थित दुकानों में कंपन होने लगता है और दूसरी तरफ जादातर दुकानदार कानों पर हाथ रखकर तेज शोर से बचने की कोशिश करते देखे जा रहे है। सबसे बडी बात है कि जादातर डीजे साउंड वाली बारातें पुलिस थाना परिसर के ठीक सामने से गुजरती है। बीते लगभग 2 बरसों से तहसीलदार, थाना प्रभारी और अन्य कुछ लोगों को डीजे साउंड पर कारवाई करने का अधिकार कलेक्टर महोदय ने दे रखा है। लेकिन यदि पता करने जाए कि 2 सालों में किस-किस पर कारवाई हुई रिजल्ट जीरो निकलता है।

### गीतांजली कॉलोनी में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ



छिंदवाड़ा। श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा श्री संतोष ठाकुर जी के निजनिवास गीतांजलि कॉलोनी छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,अंकित वसूले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू,विनय सानोडिया एवं समस्त ठाकुर परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है।ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।

### बिछुआ में हुआ कवियों का भव्य समागम, झरती रही काव्य-वर्षा



बिछुआ। नगर में आयोजित कवि समागम एवं कवि सम्मेलन में काव्य-वर्षा की ऐसी बौछार हुई कि उपस्थित श्रोतागण देर तक तालियों से हाल गुंजायमान करते रहे। सभी विधाओं—वीर, श्रृंगार, हास्य, व्यंग्य, गीत और गजल—की अनूठी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों बैतूल, मुलताई, नरसिंहपुर, खंडवा, सिवनी, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, चौरई सहित बिछुआ के स्थानीय कवियों ने अपनी काव्य-प्रतिभा से समा बांधा और श्रोताओं का दिल जीत लिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महामण्डलेश्वर वैभव आलोनी जी उपस्थित रहे। साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े, युवा मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम पवार, गुड्डा पटेल, सभापति अनिल कुर्मी, उपाध्यक्ष बलदेव बोबडे, संतोष भलावी, रजत वानखेड़े, वरिष्ठ पत्रकार सिरपत पवार, हेमराज मांडेकर, श्रवण कामडे, राष्ट्रीय कवि संगम जिला अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास, जिला महामंत्री ललित नाथ सहित अनेक सामाजिक व साहित्यिक हस्तियां उपस्थित रहीं।कविता-पाठ करने वाले प्रमुख कवियों में अंशुल शर्मा, विजय आनंद दुबे, जयकिशन चंदेल, हरीश पांडे, राहुल चौरिया, दीपक साहू, पदमा जैन, दीपक यदुवंशी, आलोक ठाकुर, विनोद सनोडिया, रहेश वर्मा, डॉ. सुखदेव कवडकर, मनीष जैन, भोले नेमा, जय सांवरा, भूपेंद्र मोर्य, शुभम देवड़ा, हरिओम माहोरे, श्रीकांत सराठे, विजय खरपुसे, यशस्वी यश, ईशान दुबे, सतीष आनंद, धानी विश्वकर्मा, आराध्य विश्वकर्मा, द्वारपाल मालवी सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी उपस्थिति और काव्य-पाठ से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

### लोकतंत्र उत्सव अभियान में 10 हजार मतदाता ऑनलाइन लिंक विधानसभा का 74 प्रतिशत मतदाता सत्यापन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आज पांढुर्ना विधानसभा क्षेत्र में सुबह 8 बजे से एसआयआर के तहत लोकतंत्र उत्सव अभियान संचालित किया गया। विधानसभा के 254 मतदान केंद्रों पर एक साथ शुरू हुए इस विशेष अभियान को मतदाता सत्यापन की दृष्टि से बेहद सफल माना जा रहा है। अभियान के दौरान 218589 मतदाताओं (74 प्रतिशत) का विवरण पिछले एसआईआर से मिलान कर सत्यापित किया गया। वहीं 10,000 नए मतदाताओं को ऑनलाइन लिंक किया गया है, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता और सुदृढ़ हुई है। इस अभियान को सफल बनाने में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलका एक्का, सहायक अधिकारी विनय प्रकाश ठाकुर, मास्टर ट्रेनर नरेंद्र बांबल, सभी बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक तथा मतदान केंद्रों पर तैनात शासकीय कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



### छात्र छात्राओं को बेटियों की सुरक्षा एवं बेटियों को बचाने के लिए किया जागरूक



छिंदवाड़ा । समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नोनिया करवल मे प्राचार्य एम आर गावंडे एवं मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं सेवा निवृत्त शिक्षक,मनोज आरपुरे,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, बेड टच गुड टच, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा ।

### स्कूल के वार्षिक उत्सव में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बिछुआ। जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विकास खंड बिछुआ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों के द्वारा गीत, संगीत, और नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति,मोबाइल के दुष्प्रभाव, आदिवासी जंगल रखवाला और स्वच्छता का संदेश देते हुए कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी/ संकुल प्राचार्य श्री एलके मिश्रा जी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्री फूल सिंह टेकाम विशेष अतिथि श्री नेवालाल चौरिया, मोहम्मद मंसूरी के साथ साथ ग्राम के सभी पालकों की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। कार्यक्रम में शास. एकीकृत माध्यमिक शाला मोया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया के प्रभारी प्राचार्य श्री डोबले एवं समस्त शैक्षणिक स्टॉफ छात्र एवं फोटो छात्राएं उपस्थित रहे।

## खेल को बढाने रिंकू मिश्रा ने किया 755 किमी साईकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

**बालाघाट जिले के विख्यात बैडमिंटन एवं टेनिस खिलाड़ी रूपेश मिश्रा (रिंकू) पिता स्वर्गीय श्री आनंद मिश्रा एवं श्रीमती मीना मिश्रा के सुपुत्र ने बालाघाट से श्री अयोध्या धाम तक की प्रेरणादायी 755 किलोमीटर की साहसिक साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक के साथ-साथ पूर्ण की।**

यह यात्रा 10 नवंबर को सुबह 7 बजे पुराने राम मंदिर एवं कालीपुतली चौक हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई। जो कि नवंबर 2025 को उन्होंने अयोध्या पहुँचकर प्रभु श्री रामलला के दर्शन आशिर्वाद प्राप्त उपरान्त खत्म हुई 1

साईकिल यात्रा के बारे प्रेस कॉन्फ्रेंस को रिंकू मिश्रा ने बताया कि मेरा मुख्य उद्देश्य रामलला के दर्शन कर उनके चरणों में ये हाजिरी लगाकर निवेदन करना था कि हे प्रभु आप बालाघाट में खेल को बढ़ावा देने हेतु 3 कोर्ट वाले बैडमिंटन हॉल के निर्माण के लिए ज़िले के कलेक्टर और खेल से जुड़े आला अधिकारियों को ये स्मरण कराए 1 उन्हें ये काम की मन मे प्रेरणा देवे जिससे वो सभी बालाघाट में बैडमिंटन खेल और खिलाड़ी का नाम प्रदेश के साथ-साथ देश विदेश मे अपनी ख्याति बड़ा सके 1 इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री गृह मंत्री एवं खेल मंत्री को इस संबंध में पत्र प्रेषित किए है ताकि यात्रा का उदेश्य पूरा हो सके 1



सेवाभावी बैडमिंटन खिलाड़ी और रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि रिंकू मिश्रा बैडमिंटन एवं टेनिस के कुशल खिलाड़ी रहे है जो कॉलेज बैडमिंटन टीम के कप्तान रहते हुये इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैंपियनशिप के खिलाड़ी रहे है 1 अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है साथ ही

उनके विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर रहे हैं 1 ये हमेशा से खिलाड़ी बच्चों के लिये अत्यंत विनम्र, मेहनती एवं समर्पित रहे है 1

खेल प्रेमी और शिक्षा जगत मे सेवा भाव से कार्य करने वाले राजेश तिवारी ने कहा कि 755 किमी की यह 8- दिवसीय यात्रा उनकी अद्भुत भक्ति, इच्छाशक्ति और खेल भावना को दर्शाती है जिससे हर खिलाड़ी छात्रों को सबक लेना चाहिये 1

समाजसेवी और व्यवसायी संजय वैध ने कहा कि यह उपलब्धि बालाघाट के लिए गौरव का विषय है और इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा दिलाती है 1

इस प्रेस वार्ता में इनके अलावा बैडमिंटन से जुड़े खिलाडियों में समाजसेवी कॉन्ट्रैक्टर लावेष घरढे , मनीष अग्रवाल,अनीश दिवान , हरमिनदर गांधी, दीपक मोटवानी , शिवशंकर भगत , सुभय वैध आदि शामिल थे 1

## कीटनाशक का सेवन करने से 32 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

कथित तौर पर घर में पारिवारिक विवाद के बाद अत्यधिक शराब के साथ कीटनाशक का सेवन कर लेने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। मामला बालाघाट जिले की तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परसवाड़ाघाट गांव का है। घटना रविवार की दोपहर तकरीबन 3:30 बजे की है। संजीवनी 108 को सूचना मिली थी कि परसवाड़ाघाट में एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया है सूचना मिलते ही संजीवनी 108 से ईएमटी डॉक्टर गौरी शंकर पटेल और पायलट लोकेश बाघमारे मौके पर पहुंचे। जिन्होंने युवक को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सरकार अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार संजय पिता शंकर लाल नगपुरे उम्र 32 निवासी परसवाड़ाघाट की कीटनाशक दवा का सेवन करने से मौत हो गई। बताया जाता है कि इसके पहले भी संजय ने एक बार फांसी लगाकर और एक बार कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी लेकिन परिजनों की तत्परता और ग्रामीणों की सूझबूझ से समय पर उपचार मिल जाने और फांसी का फंदा टूट जाने की वजह से उसकी जान बच गई थी। लेकिन इस बार जब संजय ने शराब का सेवन कर कीटनाशक का सेवन किया तो अस्पताल पहुंचने पर भी जान नहीं बच पाई। अस्पताल में कटंगी पुलिस को जानकारी भेज दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



### एक शाम संविधान के नाम सुप्रसिद्ध प्रबोधनकर मनोज राजा की कव्वाली का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** तहसील मुख्यालय कटंगी व तिरोड़ी से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत नांदी तहसील तिरोड़ी बालाघाट में आगामी 29 नवंबर को सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं थाईलैंड देश से प्राप्त सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा अनावरण व संविधान दिवस समारोह कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म शिखर जी (याचिकाकर्ता महाबोधी महाविहार बोधगया संबंधित सुप्रीम कोर्ट दिल्ली) मुख्य अतिथिद्वय अधिवक्ता राजेन्द्रपाल गौतम ( पूर्व कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार) आकाश लामा (जनरल सेक्रेटरी आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम) कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) प्रमुख अथिति पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति जी (राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम) पूज्य भदंतगण धम्मदूत संघ रत्न मानके (संस्थापक पज्जा मेता संघ संघ जापान/भारत) पूज्य भदंत डॉ. अनेक महाथेरो (अध्यक्ष थाई स्टूडेंट्स फेडरेशन बैंकाक) पूज्य भदंत डॉ. ज्ञानदीप महाथेरो (कोषाध्यक्ष आल इंडिया भीक्कू संघ) पूज्य भदंत डॉ. चिंचाल मेतानंद (नागपुर) पूज्य भदंत शासन रखिता पूज्य भदंत संघातिस्स विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह लोधी प्रखर वक्ता (राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य ओबीसी महासभा) आचार्य चितरंजन वासनिक (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आल इंडिया समता सैनिक दल) विकाश खांडेकर (जिला अध्यक्ष आल इंडिया समता सैनिक दल बालाघाट) उपासिका रंजीता बिसेन (प्रखर वक्ता बालाघाट) व शैलेंद्र चौकसे (पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी) लोकेश भारतकर रवि पटले (जिला महासचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) महेश बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) प्रकाश बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) प्रमोद कुमार बोरकर (सदस्य जिला पंचायत बालाघाट) महेंद्र हिरकने (अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील कटंगी) राजेंद्र मेश्राम (अध्यक्ष सर्कल बौद्ध संघ सेक्टर मिरगपुर) भीम प्रकाश बोरकर (जनपद सदस्य) विनोद पंचभाई ( जनपद सदस्य) कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी) मनीष सूर्यवंशी (मायल तिरोड़ी) आलोक पाटील (जनपद सदस्य) दिनेश नागदेवे (जनपद सदस्य) चैनलाल तुरकर (सरपंच नांदी) सर्वेसती विशेष बिसेन (ग्राम पंचायत सुंदर) भूपेंद्र चौकसे (पूर्व सदस्य जनपद पंचायत कटंगी) महेश अग्रवाल (पूर्व उपसरपंच नांदी) दिलीप पटले की उपस्थित में संपन्न होगा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शैलेश शैल (राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर मिशनरी कवि) एवं माधुरी किरण (राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर मिशनरी कवि) करेंगे। साथ ही साथ संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान पर काव्य पाठ करेंगे। रविन्द्र नागदेवे प्रमोद राउत सहयोग प्रदान करेंगे। दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तिरोडी ने बताया कि बौद्ध सर्कल सेक्टर समिति मिरगपुर के तत्वावधान में बस स्टैंड मिरगपुर से विशाल वाहन रैली दोप 12 बजे से आकाश लामा पूज्य भदंत धम्म शिखर जी पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति जी के नेतृत्व में प्रस्थान करेगी। जो राहुल बौद्ध विहार मोहगांव में पहुंचेगी। मोहगांव से शांति मशाल रैली नांदी की ओर प्रस्थान करेगी दोपहर 3 बजे कार्यक्रम उद्घाटक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष पूज्य भदंतगणों व विशिष्ट अतिथि के हस्ते होगा। शाम 4 बजे पूज्य भदंतगणों के द्वारा धम्मदेशना शाम 6 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि के द्वारा मंचीय उद्बोधन रात्रि 8 बजे से मनोज राजा (सुप्रसिद्ध कव्वाल) के द्वारा बुद्ध अंबेडकर मिशन पर कव्वाली प्रस्तुत करेंगे।सम्यक बुद्ध विहार निर्माण समिति नांदी के अध्यक्ष भोजराज वासनिक व सचिव राजेंद्र उके ने संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि ग्राम नादी बालाघाट ही नहीं अपितु संपूर्ण मप्र का धम्मक्रांति का ऐतिहासिक गांव है। जहां पर परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी के परम सहयोगी पी राजभोज राज्यसभा के सभापति बैरिस्टर राजा भाऊ खोबरागड़े (राष्ट्रीय अध्यक्ष आर पी आई) नानकचंद्र रतू जी वामनराव गोडबोले जी विश्व विख्यात भदंत आनंद कौशल्यान जी जैसे विद्वान लोग अपने जीवनकाल में आगमन कर चुके है।

## 77 वें एन.सी.सी. स्थापना दिवस समारोह का सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में हर्षोल्लास के साथ किया गया आयोजन





विद्यालय

बालाघाट की जेडी टुप नं.243 / 6 एमपी बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) द्वारा 23 नवंबर को 77 वें स्थापना दिवस का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने एनसीसी ध्वज फहराकर ध्वज प्रणाम के बाद कैडेट्स की सलामी ली एवं परेड निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि श्री एस.के.तुरकर प्राचार्य पीएम श्री विद्यालय बूढ़ी बालाघाट, संस्था प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले, उपप्राचार्य साजिद मोहिस खान, पी.आई.स्टाफ के साथ एनसीसी ऑफिसर अशोक कुमार रावडे, एन.एस.एस. ऑफिसर अशोक कुमार कोर्राम, स्काउट मास्टर अरुण पटले एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे ।

समारोह में एनसीसी कैडेट्स, एन.एस.एस. कैडेट्स/स्वयं सेवक, स्काउट व गाइड कैडेट्स को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य ने एनसीसी स्थापना दिवस पर सारगर्भित विचार रखें। जिला शिक्षा अधिकारी ने कैडेट्स को एनसीसी स्थापना दिवस पर अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम देने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की ।

स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडेट्स व परेड में सम्मिलित सभी कैडेट्स को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अंत में एनसीसी ऑफिसर अशोक कुमार रावडे द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रदर्शन किया गया। समारोह में पूर्व एनसीसी ऑफिसर खिलेंद्रपाल बिसेन ने मंच संचालन किया।

उल्लेखनीय है कि देश की रक्षा पंक्ति के लिए प्रारंभिक तौर पर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) इकाइयों का संचालन कर कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जाता है। जिससे कैडेट्स भविष्य में राष्ट्र सेवा में अग्रणी योगदान देने में सक्षम बन सकें।

## खबर संक्षेप

### 4 दिसंबर को दुर्गा मंदिर 11वां पाटोत्सव विशाल शोभा यात्रा के साथ संपन्न होगा

केवलारी - नगर के हृदय स्थल दुर्गा चौक में विराजित माता श्री दुर्गाम्बा के पुजारी शास्त्री पंडित शशि भूषण तिवारी जी के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार अगहन मास चतुर्दशी एवं पूर्णमासी दिनांक 3/ 12/ 2025 बुधवार के दिन प्रातः 10:00 बजे से मंडप देवताओं का आवहान, नवचंडी यज्ञ नावरण पूजन, हवन ,महाआरती और सुहासिनी पूजा का कार्यक्रम आयोजित होगा एवं दिनांक 4 दिसंबर 2025 दिन गुरुवार पूर्णमासी के दिन 10:00 बजे से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो दुर्गा मंदिर से खेरमाई मंदिर, पटेल मोहल्ला, मेन रोड , चांदनी चौक, बस स्टैंड ,उगली नाका, अवधिया पेट्रोल पंप से वापिस बस स्टैंड, बाजार चौक से सीधे दुर्गा मंदिर में समापन होगा, मोदी परिवार के द्वारा 56 भोग अर्पण के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सभी नगर व क्षेत्र वासियो से आग्रह है कि माता भगवती की शोभा यात्रा व पूजन मे शामिल होकर कृतार्थ हो ।

# सिवनी में धान खरीदी केन्द्र को लेकर सियासी गर्मी तेज, फाइलों की रेस पहुँची भोपाल, ड्रॉप डाउन लिस्ट का इंतज़ार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी की तैयारियाँ इस बार रिकॉर्ड समय में पूरी कर ली गई हैं। विभाग द्वारा करीब आधा सैकड़ा खरीदी केन्द्र समितियों को आवंटित भी कर दिए गए हैं, और 1 दिसंबर से खरीदी शुरू होने की पूरी संभावना बन चुकी है। लेकिन असली हलचल अब उन 24 से 26 केन्द्रों को लेकर है, जिन्हें इस वर्ष महिला स्व–सहायता समूहों (SHG) को दिए जाना है।

इसी वजह से फाइलों की रफ्तार सिवनी से भोपाल तक दौड़ रही है। एनआरएलएम ने महिला समूहों से आवेदन लेकर जांच के बाद फाइलें खाद्य संचालनालय, भोपाल भेज दी हैं, जहाँ से ड्रॉप-डाउन लिस्ट जारी होगी। उसी के आधार पर केन्द्रों का अंतिम आवंटन होगा।

वहीं जिला खाद्य अधिकारी मनोज पुरबिया ने इस बार एकसाथ सभी केन्द्रों की खरीदी शुरू करवाने पर जोर दिया है ताकि समितियों और महिला समूहों दोनों को समय पर खरीदी का अवसर मिल सके।

धान खरीदी केन्द्र के आवंटन को लेकर इस बार जिला पंचायत दफ्तर की गलियारों में खूब चहल-पहल देखी गई। कई ठेकेदार और प्रभावशाली लोग, महिलाओं की आड़ में फाइलें पकड़े अधिकारी–नेताओं के चक्कर काटते नजर आए।

सबसे दिलचस्प बात यह रही कि कई विवादों से घिरे महिला


फाईल फोटो

समूह भी इस बार पूरी ताकत लगाकर फाइलें भोपाल तक भेजने में सफल रहे। अब सवाल उठ रहा है— क्या उपार्जन समिति पारदर्शिता से निर्णय ले पाएगी या फिर विवादित समूह इस बार भी दबाव बनाकर केन्द्र हासिल करने में कामयाब होंगे? यह आने वाला समय ही बताएगा।

### सरकार की मंशा: महिला समूहों को मजबूत बनाना, पर राजनीति डाल रही रोडा

सूत्रो बताते है कि साल 2020–21 से महिला स्व सहायता समूहों को समितियों की तरह धान खरीदी केन्द्रों की जिम्मेदारी देना इसी पहल का हिस्सा था। इसके बाद जिले में महिला समूहों के गठन की गति तेजी से बढ़ी, और हर साल अधिक समूह उपार्जन कार्य लेने की होड़ में शामिल होने लगे।

सूत्रो बताते है कि साल 2020–21 से महिला स्व सहायता समूहों को समितियों की तरह धान खरीदी केन्द्रों की जिम्मेदारी देना इसी पहल का हिस्सा था।

इसके बाद जिले में महिला समूहों के गठन की गति तेजी से बढ़ी, और हर साल अधिक समूह उपार्जन कार्य लेने की होड़ में शामिल होने लगे।लेकिन धान शॉर्टेज और अनियमितता के कारण पिछले वर्षों में कई समूह ब्लैकलिस्ट भी कर दिए गए।

इस स्थिति को सुधारने के लिए 2022–23 से कड़े नियम, जैसे— ₹10 लाख की एफडीआर ₹2 लाख की अतिरिक्त एफडी लागू किए गए ताकि खरीदी में गड़बड़ी रोकी जा सके।

हालाँकि इस बदलाव से शॉर्टेज कम तो हुआ, पर राजनैतिक दबाव और मनचाहे केन्द्र पाने की दौड़ और तेज हो गई। प्रभावशाली समूह लगातार एक ही केन्द्र पर जमे रहे, जबकि कमज़ोर पकड़ वाले समूहों को हर साल नया केन्द्र अपनाना पड़ता रहा।

सिवनी जिले में धान खरीदी केन्द्रों को लेकर इस बार राजनीतिक तापमान चरम पर है। जहाँ सरकार महिला समूहों को सशक्त बनाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर कुछ समूह राजनीति और रसूख के दम पर प्रणाली को प्रभावित करने की कोशिश में जुटे हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि— क्या जिला प्रशासन इस बार पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष आवंटन करेगा? या फिर विवादित समूहों की दबाव राजनीति बाज़ी मार लेगी? सच्चाई जल्द ही ड्रॉप-डाउन लिस्ट में सामने होगी।

# सीएमएचओ ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोमा का औचक निरीक्षण, अनुपस्थिति कर्मचारियों को नोटिस जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने 22 नवंबर 2025 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोमा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ प्रियंका कुमारी, प्रभारी सेक्टर सुपरवाइजर रामलाल यादव तथा वार्डबॉय राजेश यादव अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित मिले। लापरवाही पर तीनों को कारण-बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं को लेकर सीएमएचओ ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त की और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया कि यदि दो दिवस के भीतर कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सिवनी जिले की जनपद पंचायत लखनादौन 37.50 लाख के पंचायत भवन निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

## सरपंच-सचिव के निर्देशन में चल रहा कार्य

**संवाददाता मुकेश साहू।**

**लखनादौन।** 37.50 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन को लेकर गुणवत्ता संबंधी सवाल उठने लगे हैं। निर्माण स्थल पर डस्ट का उपयोग मोरम के ऊपर फीलिंग के रूप में किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा निर्माण स्थल पर रखी गई पुरानी और बची हुई ईंटों का उपयोग न किए जाने की बात भी सामने आई है।

### आयरन रॉड में जंग की समस्या

निर्माण स्थल पर रखी आयरन रॉड पर कई जगह जंग लगने की पुष्टि हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य कई महीनों से चल रहा है और रॉड पर लगातार पानी की सिंचाई होने के कारण उनमें जंग आ गई है। जबकि निर्माण की शुरुआत में यह रॉड बिल्कुल साफ थीं और इनमें किसी प्रकार का जंग नहीं था।

सूत्रों के अनुसार, जंग लगी सरिया भवन की मजबूती पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।



### टेक्निकल विभाग की निगरानी में हो रहा पूरा कार्य

इस पंचायत भवन का निर्माण कार्य जनपद लखनादौन के टेक्निकल विभाग के दिशा-निर्देश में किया जा रहा है। सरपंच, सचिव और ग्रामीणों के द्वारा भी निर्माण कार्य की निगरानी की जा रही है। सरपंच-सचिव का कहना है कि: सामग्री जिला पंचायत लखनादौन की अधिकृत बड़ी दुकानों से खरीदी जा रही है। पूरे निर्माण में नियमों और मानकों का पालन किया जा रहा है।

### सरपंच-सचिव के कार्यकाल को ग्रामीणों का समर्थन

कई ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान सरपंच और सचिव का कार्यकाल संतोषजनक रहा है। उनके कार्यकाल में न तो कोई बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है और न ही ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने वाले कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से विरोध कर रहे हैं, जबकि अधिकांश ग्रामीण निर्माण कार्य से संतुष्ट हैं।



## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का ज्योतिषचार्य रोहित सक्सेना के निवास पर हुआ आगमन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के शास्त्री वार्ड बारापत्थर में स्थित में ज्योतिष आचार्य रोहित सक्सेना के निवास पर डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का सक्सेना परिवार एवं उपस्थित नागरिकों ने किया स्वागत सम्मान इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद राय, स्वराज बघेल, अनीश गोलू उइके, रोहित सक्सेना शुभम बघेल पत्रकार शरद दुबे राकेश मालवीय पूर्व पार्षद अल्केश रजक युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मनोज गौतम वीरू तिवारी पवन वाचले जितेंद्र मालवीय अमोल शुक्ला संजय संजू बघेल नीतू जँघेला मितेंद्र मिंटू राहंगडाले की गरिमांमय उपस्थिति रही।

# अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर से टकराया

## बड़ा हादसा टला,ट्रक चालक गंभीर घायल

### सिवनी जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरई बस स्टेंडके वास एक सड़क हादसा हो गया, जहां अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया

इस हादसे में ट्रक चालक गभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एक ट्रक सिवनी से नागपुर की और कांच कांच के समान लेकर जा रहा था, जब वह कुरई बस स्टैंड के समीप पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया, इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही हैं और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। साथ ही घायल के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है, और लोगो के मकान व दुकान भी बनी हुई है, घटना के समय लोग या वाहन मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाये लेकिन लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।



# बैनगंगा सागर नदी सहित अन्य स्थानों में पांच लाख पांच मछली बीज डाले गए

केवलारी / नदी मत्स्य समृद्धि योजना के तहत बैनगंगा , सागर नदी, हिर्री नदी और भी अन्य स्थानों में लाखों मछली के बच्चे छोड़े गए, जिससे मछुवारा समाज को नए रोजगार की उम्मीद जगाई गई है।

इस योजना का उद्देश्य नदियों के पुनर्जीवन और मछुवारा समाज को आर्थिक लाभ पहुंचाना है स आज इस कार्यक्रम में पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष दामोदर प्रसाद शुक्ला ,पत्रकार संघ अध्यक्ष रफीक खान,अधिवक्ता समाजसेवी पवन यादव,अरूण चौरसिया पूर्व सरपंच, मांझी डीमर समाज अध्यक्ष संजय सिंह सिंहराहा , आकाश नामदेव पत्रकार, सहायक मत्स्य निरिक्षक भोपाल कमल कान्त गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के तहत मछली किसानों को तकनीकी सहायता और आर्थिक समर्थन प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत मछली उत्पादन बढ़ाना, मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना और मछली उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना



नदी मत्स्य समृद्धि योजना के लाभरू
मछुवारा समाज को रोजगार के नए अवसर - नदियों का पुनर्जीवन और जैव विविधता में वृद्धि - मछली उत्पादन में वृद्धि और गुणवत्ता में सुधार ।

इस योजना के तहत मछली किसानों को बीमा कवरेज और प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें अपनी फसल की सुरक्षा और बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त हो सके।

## अरुणाचल पब्लिक स्कूल के पास निकला कोबरा सांप, मची दहशत



**सिवनी।** राजपूत कॉलोनी अरुणाचल पब्लिक स्कूल के पास कोबरा सांप दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। नागरिकों से इसकी सूचना तत्काल सर्प मित्र प्रवीण तिवारी दी। जिस पर सर्प मित्र ने विषैले कोबरा सर्प को सावधानी पूर्वक पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

# निशुल्क कोचिंग संस्थान छपारा में हुआ लाइब्रेरी का शुभारंभ

**छपारा।** उषांकार चैरिटेबल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर रविदास भवन छपारा मैं गरीब एवं पिछड़े तबके के परिवारों के बच्चों को ट्रस्ट द्वारा निशुल्क कोचिंग लगातार 7 महीने से दी जा रही है जहां बीते दिवस शनिवार को एक निशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। लाइब्रेरी के शुभारंभ कार्यक्रम में छपारा नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया और लाइब्रेरी में रिबिन काटकर शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में छपारा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल एवं उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह ठाकुर , ठाकुर जयकेश सिंह छपारा थाना नगर निरीक्षक श्री खेमेंद्र जैतवार एवं संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश रहमतकर जी साथ पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर एवं चक्रेश सिंह ठाकुर युवा साथी सौरभ सिंह ठाकुर, मिक्की परिहार के साथ मिशन स्कूल छपारा के प्राचार्य माइकल जॉन, प्रदीप मसीह एवं संजय मसीह छपारा के समाजसेवक सुनील दत्त पाठक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर निशुल्क कोचिंग में अध्ययनरत छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया एवं शिक्षा का महत्व बताया और बच्चों को पठन पाठन सामग्री कापियां फैन बिस्किट देकर उन्हें शिक्षा के प्रति आगे आने के लिए मार्गदर्शन और अपना अनुभव साझा किया। इस पूरे आयोजन में संदीपनी विद्यालय के मेथस साइंस के शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता की भूमिका भी सराही रही। शुभारंभ कार्यक्रम में छपार नगर के मीडियाकर्मी हाशिम खान, प्रदीप श्रीवास्तव, सुधीर नागले ,गजेन्द्र सिंह गब्बर, निशांत सिंह ठाकुर, ग्लड ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई सभी उपस्थित अतिथियों ने उषांकर चैरिटेबल एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग की सराहना किया और संस्था के पर्यवेक्षक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह अहिरवार को भी धन्यवाद व बधाई ज्ञापित किया और समय समय पर अपना योगदान और समय देने की बात कही। सभी बच्चों व छात्रों के मन में निःशुल्क कोचिंग एवं लाइब्रेरी प्रारंभ होने पर बच्चों ने बहुत खुशी महसूस किया एवं बच्चों के पालकों ने भी इस निःशुल्क कोचिंग की सराहना की निःशुल्क कोचिंग में पढ़ाने वाली टीचर स्वाति सुपलभ एवं कुमकुम व आर्यो बौद्ध की भी बहुत प्रशंसा की गई।

## रेत खदान विवाद में नया मोड़:

# ठेकेदार ने की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

## गिरोहबाज़ी और हमले के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

खुरसुरा रेत खदान में पिछले दिनों हुए विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। खदान संचालन से जुड़े लोगों के बीच बढ़ती खींचतान, धमकियों और हमले की ताज़ा घटना ने पूरे मामले को एक बड़े विवाद में बदल दिया है।यह विवाद का नतीजा यह रहा कि विवाद में हुई फायरिंग में एक युवक को गोली लगने से वह घायल हो गया। फायरिंग की घटना के बाद अब रेत ठेका कंपनी ने अपनी आपबीती बताई की क्षेत्र में लोग गिरोह बना कर हिस्सेदारी के लिए दबाव बना रहे थे। कंपनी द्वारा पुलिस को दी गई लगातार शिकायतों और हालिया हमले के बाद अब क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ठेका कंपनी पक्ष का आरोप है कि राजा चौहान गिरोह और उससे जुड़े कुछ लोग खदान में हिस्सेदारी को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे। ठेकेदार के कर्मचारियों ने 13, 14 और 17 नवंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि राजा चौहान और शांडिल्य समूह द्वारा खदान में काम रुकवाने, विवाद पैदा करने और बड़ी वारदात की आशंका जताई गई थी। जानकारों के अनुसार, ठेका कंपनी का दावा है कि ओम शांडिल्य, सतानंद शांडिल्य, राजा चौहान और राजा सोनी मिलकर खदान संचालन में बाधा डाल रहे थे। कंपनी का आरोप है कि ये सभी समूह मिलकर दबाव बना रहे थे कि खदान में सिर्फ हम ही काम करेंगे, अन्यथा कोई नहीं कर पाएगा। कंपनी का कहना है कि रंगदारी न देने की वजह से लगातार धमकियां मिल रही थीं, जिनका परिणाम हालिया हमले के रूप में सामने आया। जिसने फायरिंग हुई और एक युवक घायल हो गया।

### पूजा के दौरान हमला, वाहन तोड़े जाने का दावा

रेत ठेका संभालने वाले कर्मचारी के अनुसार, घटना के दिन कंपनी के कर्मचारी सामान्य प्रक्रिया के तहत खदान में पूजा करने गए थे और सभी निहत्थे थे। पाठक का आरोप है कि राजा चौहान और अशोक शांडिल्य पहले से ही विवाद की तैयारी में मौजूद थे और हथियारबंद युवक विवाद को अंजाम देने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। ठेकेदार पक्ष का दावा है कि उनके कर्मचारियों पर अचानक हमला किया गया, वाहनों में तोड़फ़ोड़ की गई और कई लोग इस झड़प में घायल हो गए। उनका का कहना है कि यह हमला सुनियोजित तरीके से किया गया और हमला करने वालों का उद्देश्य खदान पर अपना नियंत्रण स्थापित करना था। हमारे कर्मचारी निहत्थे थे तो फायरिंग किसने और किस हथियार से की इसकी सूक्ष्मता से जांच की जानी चाहिए। हमने शासन से यह खदान विधिवत ठेका में लिए है और इसकी रॉयल्टी भी दी गई है। शासन को हमारे द्वारा करोड़ों का राजस्व दिया है लेकिन ऐसे अड़ीबाज लोगो के गिरोह हमारे काम में सबसे बड़ा रोड़ा बन रहा है।

# गूंज संस्थान के तत्वाधान में कन्याशाला में माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बोरदई सिवनी में 470 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर गीताजंली सनोडिया जी ने किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता, सही स्वास्थ्य आदतों तथा मानसिक-शारीरिक बदलावों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से पॉवर प्वाइंट पीपीटी का उपयोग किया गया, जिससे छात्राओं को विषय को समझने में आसानी हुई।

कार्यक्रम की प्रमुख अतिथि श्रीमति नीलम राय जी ने सभी छात्राओं को इको-फ्रेंडली सैनिटरी नैपकिन वितरित किए और उन्हें पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के उपयोग के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जागरूकता और सुरक्षित नैपकिन का उपयोग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को स्वस्थ और जागरूक जीवनशैली अपनाने में मददगार साबित होते हैं। प्राचार्य मनोहर सिंह राहंगडाले एवं समस्त स्टॉफ के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । गूंज संस्थान की अध्यक्ष मनीषा चौहान, सविता गौतम ,अन्नपूर्णा मालवी, संध्या ठाकुर, गीता विश्वकर्मा, सपना भारती, नीता यादव, माधुरी सेंगर, आशा बावरिया ,आंकक्षा सेंगर,मंजू जावरे और पूजा अग्रवाल का कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### नांदी में 29 नवंबर को सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण व तथागत सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

**बालाघाट।** कार्यक्रम उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म शिखर जी मुख्यअथितिद्वव आकाश लामा (सिलीगुड़ी) पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम कार्यक्रम अध्यक्षता अधिवक्ता संजय खोबरागड़े व अन्य विशिष्ट अतिथि की उपस्थित होगा संपन्न।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अनोखी पहल

**मण्डला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्टूडेंट् फॉर डेवलपमेंट गतिविधि के माध्यम से मंडला के महिष्मत घाट में नर्मदा सफाई अभियान लगातार पांच रविवार से जारी है स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंटऱ (SFD) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) द्वारा शुरू किया गया।

## रोशना की बीएलओ मंजू खोबरागड़े ने समय से पहले

# 100 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन किया

### अन्य बीएलओ के लिए मिसाल बनी बीएलओ मंजू खोबरागड़े

परसवाड़ा

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रोशना स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक-155 की बीएलओ श्रीमती मंजू खोबरागड़े ने गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।

उन्होंने सम्पूर्ण परसवाड़ा विधानसभा में सबसे पहले अपने मतदान केन्द्र के सभी मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन निर्धारित समय से पूर्व ही पूरा कर लिया है।

रोशना के मतदान केन्द्र में कुल 984 मतदाता हैं। बीएलओ मंजू खोबरागड़े ने 04 नवंबर से ही प्रत्येक मतदाता के घर घर जाकर गणना पत्रकों का वितरण किया और मतदाताओं को सावधानी के साथ गणना पत्रक भरने कहा। मतदाता को जहां मदद की आवश्यकता थी वहां मदद किया और मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रकों का तेजी से कलेक्शन कर उनका डिजिटलाइजेशन भी किया है।

बीएलओ मंजू खोबरागड़े ने 19 नवंबर को ही अपने मतदान



केन्द्र के 100 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर उत्कृष्ट कार्य क्षमता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उनके इस प्रयास से न केवल निर्वाचन प्रक्रिया को गति मिली है, बल्कि अन्य बीएलओ के लिए भी यह एक प्रेरणादायी मिसाल बन गई है।

रोशना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत मंजू खोबरागड़े की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि समर्पण, अनुशासन और समय प्रबंधन के साथ किसी भी लक्ष्य को समय से पहले हासिल किया जा सकता है। निर्वाचन कार्यालय ने भी उनके इस कार्य की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR 2026) में 73 प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटलाइजेशन पूरा

#### बैहर विधानसभा 83 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के साथ जिले में शीर्ष पर

**बालाघाट** जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (SIR 2026) कार्य की प्रगति लगातार तेज़ी से आगे बढ़ रही है। 23 नवंबर 2025 की शाम तक जिले में कुल 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं में से 09 लाख 87 हजार 500 गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा कर लिया गया है, जो जिले की कुल प्रगति को 73 प्रतिशत पर ले जाता है।

बालाघाट जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में बैहर विधानसभा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 83 डिजिटलाइजेशन के साथ प्रथम स्थान पर है। वारासिवनी 77 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर, परसवाड़ा 73 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर, लांजी 69 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर, कटंगी 68 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर और बालाघाट विधानसभा 65 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के साथ छठवें स्थान पर है।

बालाघाट जिले के 1,675 मतदान केन्द्रों पर हो रहे इस कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में ब्लॉक स्तर के अधिकारी एवं बीएलओ टीम तेजी से शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे एवं सभी एसडीएम व तहसीलदार गांव-गांव जाकर एस आई आर कार्य की निगरानी कर रहे हैं और बीएलओ के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्धारित अवधि में जिले के सभी गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण कर मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

## मुख्यमंत्री अव संरचना मद से निर्मित संस्कृतिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैली मैं मुख्यमंत्री और संरचना मद से निर्मित भवन का लोकार्पण सांसद फगन सिंह कुलस्ते के द्वारा किया गया शासन के वित्तीय वर्ष 2024 ,25 में नवीन योजना मध्य मुख्यमंत्री और संरचना मध्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपए तक के निर्माण की स्वीकृत होने से ग्राम पंचायत मैली में जनपद पंचायत नारायणगंज को जिला स्तर का पहला संस्कृतिक भवन निर्मित कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत को विकास के लिए उपलब्ध कराने हेतु लोगों ने इस संस्कृति भवन के लिए विगत कई वर्षों से लगातार मांग कर रहे थे कि ऐसा कोई पंचायत में भवन होना चाहिए जो जिसमें कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम किया जा सके भवन की स्वीकृत के बाद सभी लोगों ने सांसद महोदय का धन्यवाद पेश किया इस कार्यक्रम में सांसद फगन सिंह कुलस्ते विधायक चैन सिंह बरकड़े जिला अध्यक्ष संजय कुशराम जिला सदस्य भूपेंद्र बरकड़े ललिता धुर्वे जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा मुख्य कार्यपाली अधिकारी दीप्ति यादव जनपद सदस्य उर्मिला यादव ग्राम पंचायत मैली की सरपंच श्रीमती सुमिया किशन तेकाम मनोज मिश्रा कन्हैया सिंगरौर नरेश डोंगरे रंजना वीरेंद्र नामदेव गया चक्रवर्ती संतोष सोनी रतन सिंह ठाकुर भूपेंद्र बरकड़े सीताराम सिंगरौर राकेश प्रकाश चंद्र अग्रवाल सुशांत अग्रवाल भगवान प्रसाद मिश्रा एवं आशा कार्यकर्ता सचिव अनिल शर्मा आदि की उपस्थिति में संस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया गया।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, स्कॉर्पियो समेत नौ आरोपी गिरफ्तार

# तंत्र-मंत्र के नाम पर कछुओं की तस्करी





हरिभूमि न्यूज लांजी।

वन्यजीव संरक्षण कानून के बावजूद तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास के नाम पर अवैध वन्यजीव व्यापार का नेटवर्क अब भी सक्रिय है। इसी कड़ी में वन विभाग ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए दो संरक्षित कछुओं के साथ नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में प्रयुक्त एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन भी जप्त किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी के निर्देश, वन मंडलाधिकारी अधर गुप्ता तथा उप वनमंडलाधिकारी राकेश कुमार अड़कने के मार्गदर्शन में की गई। मिली सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी की टीम ने कोसमारा-लांजी मार्ग पर नाकेबंदी की। रात लगभग 9:30 बजे संदिग्ध वाहन एमपी 39 बीबी 1128 स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई।

### वन विभाग की सूझबूझ से बचा कछुओं का अवैध व्यापार

तलाशी में वन अमले को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में दर्ज प्रजाति कछुआ के दो जीवित नग मिले। वाहन में बैठे नौ व्यक्तियों को मौके पर ही हिरासत में लिया गया। आरोपियों में आशीष मंडलकर (20), चैनलाल ठाकरे (50), कोमल घोरमारे (20), विष्णु बिसेन (44), राजाराम मेश्राम (60), राजेश बावने (40), ससेन्द्र चंदेल (21), दीपक चौहान (31) और श्रीराम नागेश्वर (30) शामिल है।

### धन झाडने और झाड़-फूंक के लिए ले जा रहे थे कछुए

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि कछुओं का उपयोग "धन झाडने", तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक में करने की योजना थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंधविश्वास वर्षों से फैला है कि कछुआ रखने से धन बढ़ता है और तांत्रिक क्रियाओं में सफलता मिलती है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी मान्यताएँ पूरी तरह भ्रम और अंधविश्वास पर आधारित हैं तथा इनकी आड़ में वन्यजीवों का अवैध शोषण हो रहा है। वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ विवेचना उपरांत अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें माननीय न्यायालय लांजी में प्रस्तुत किया है। वाहन सहित सभी जब्त सामग्री को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

### वन विभाग की चेतावनी और अपील

वन विभाग ने कहा कि वन्यजीव सिर्फ जंगल की नहीं, प्रकृति की धरोहर हैं। अंधविश्वास के नाम पर इनकी तस्करी या उपयोग अपराध है। नागरिक सतर्क रहें और ऐसी सूचना तुरंत विभाग को दें। वन विभाग ने आमजन से वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करने, अवैध गतिविधियों की जानकारी साझा करने तथा अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### लोधी समाज का 30 नवंबर को युवक युवती परिचय सम्मेलन



**मण्डला।** जिला लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक मंडला की बैठक रविवार को रपटा पुल के पास रेवांचल पार्क में रखी गई। जिसमें जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन, लोधी प्रतिभा सम्मान समारोह को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि 30 नवंबर को बम्हनी बंजर के चक्रवर्ती मैरिज गार्डन में आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। मीडिया प्रभारी मंगल सिंह ठाकुर ने बताया कि अंतिम रूप देने के लिए पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने अपने सुझाव दिए। 30 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिला लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, आलोक जिला अध्यक्ष राजेश पटेल, आलोक प्रदेश मीडिया प्रभारी बाल सिंह ठाकुर, महासचिव संजय ठाकुर, केके ठाकुर, उमेश ठाकुर, सुनीत ठाकुर, आशोक ठाकुर, नारायण जंघेला, हुल्कर सिंह बंधु ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गिट्टियों पर चलाना पड़ रहा वाहन, लोग हो रहे चोटिल

# सड़क पर उड़ता धूल का गुबार





*** पिछले 7 माह में सिर्फ सड़क को खोदा गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आवागमन बेहतर हो लोगों को सड़क पर वाहन चलाना सुविधाजनक लगे इसके लिये सरकार लगातार सड़को को बेहतर बनाने प्रयासरत है और यही कारण है कि जहां टू लेन है वहां फोर लेन सड़क निर्माण हेतु भारी भरकम राशि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। जिन निर्माण कंपनियों को इस काम का ठेका दिया जा रहा है उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिये जाते हैं कि काम गुणवत्तापूर्ण हो, समय पर पूर्ण हो और काम के दौरान स्थानीय लोगों को कम से कम असुविधा का सामना करना पड़े लेकिन ऐसा लगता है कि निर्माण कंपनी इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रही। तभी तो मण्डला से डिण्डौरी मार्ग निर्माण कार्य जहां मनमाने रूप से हो रहा है वहीं पिछले लगभग एक वर्ष से निर्माणाधीन सड़क के रहने वाले ग्रामवासी एवं छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले व्यापारी परेशान हैं कारण यह है कि सड़क का निर्माण जिस तकनीक से हो रहा है वह लोगों के समझ से परे है। पहले यह टू लेन सड़क थी अब इसे फोर लेन बनाया जाना है तो लोगों को यह ज्ञात नहीं कि सड़क के दोनों ओर की जगह पर सड़क चौड़ीकरण बराबरी से होगा या फिर किसी एक तरफ ज्यादा और किसी एक तरफ कम, इस तरह के मनमाने निर्णयों से लोगों के घर और दुकानें प्रभावित हो रही हैं। पुलियों का निर्माण अभी भी अधूरा है सड़क के किनारे जो विद्युत पोल हैं और विद्युत लाईन हैं उसे व्यवस्थित नहीं किया गया है सिर्फ एक काम किया जा रहा है वह है कि जो सड़क चलने लायक थी उसे इतना खोद दिया गया है कि अब उस पर वाहन चलाना सर्कस पर काम करना जैसा है और इस खुदी हुई सड़क से जब कोई भी छोटा या बड़ा वाहन गुजरता है तो धूल का ऐसा गुबार उठता है कि लोगों की गृहस्थी का सामान खराब हो रहा है व्यापारियों की दुकानें धूल में पट रही हैं बच्चो एवं बुजुर्गो का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है लेकिन ये जो सड़क निर्माण से पीड़ित हैं ये बेचारे जायें तो जायें कहां। बरसात के पूर्व जो सड़क अच्छी खासी थी उस सड़क से पूरा डामर निकाल दिया गया था और पानी-कीचड़ से लोगों को पूरी बरसात आना-जाना पड़ा जैसे-तैसे सूखे दिन आये तो लोगों को राहत मिली लेकिन यह सुख भी सड़क निर्माण कंपनी से देखा नहीं गया और उन्होंने इस सड़क को और खोद दिया। अब स्थिति यह है कि पूरी सड़क पर सिर्फ गिट्टी एवं पत्थर ही नजर आ रहे हैं और इस सड़क से गुजरने वालों को इसी गिट्टी और पत्थरों के ऊपर से गुजरना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि वाहन का संतुलन बनाना उस रस्सी पर चलने जैसा है जिस पर सर्कस में करतब दिखाये जाते रहे हैं। कहीं कोई वाहन गिर रहा है तो उड़ती धूल से वाहन चालक तो परेशान होते ही हैं आसपास निवास करने वाले भी परेशान हो रहे हैं जब लोगों का आक्रोश बढ़ता है तो दिखावे के लिये सड़क पर पानी का टेंकर नाममात्र के लिये चला दिया जाता है।

## शहीदों की याद में मशाल जुलूस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम



*** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी जायेगी श्रद्धाजंलि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए मण्डला जिले के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वाधीनता अमृत महोत्सव समिति के तत्त्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रविवार सायं रानी अवंति बाई स्मारक से बड़ चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। बड़ चौराहे में दीप प्रज्जवलित कर सभी क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मण्डला जिलेवासियों ने अद्भुत वीरता और कौशल का परिचय देते हुये अंग्रेजी सेना को मण्डला से भागने पर मजबूर कर दिया था। नगर के हृदयस्थल में स्थित बड़ चौराहे में लगा बरगद का वृक्ष 1857 के संग्राम का जीवंत प्रमाण है। संग्राम में शामिल बहुत से क्रांतिकारियों को अंग्रेजी सरकार ने इसी बरगद के वृक्ष में फांसी दी थी।

उन्होंने बताया कि इतिहासकारों का मानना है कि 24 नवंबर 1857 को बरगद के इस पेड़ पर एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। दुःख की बात है कि उन क्रांतिकारियों के नाम तक इतिहास में दर्ज नहीं है। साथ ही समय के साथ क्रांतिकारियों के उस अद्भुत पराक्रम, त्याग और बलिदान को लगभग भुला दिया गया।

उन्होंने कहा कि 1857 के स्वाधीनता संग्राम में जिलेवासियों के अद्भुत पराक्रम की कहानी का पुनः स्मरण करने और उन अनेकों अनजान क्रांतिकारियों के त्याग-बलिदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से 24 नवंबर सोमवार को एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम तय किया गया है।